भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4343
(जिसका उत्तर मंगलवार, 11 अप्रैल, 2017 को दिया गया)

कारपोरेट सामाजिक दायित्व निधि का स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए उपयोग

4343. प्रो. एम. वी. राजीव गौडा :

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास उन कंपनियों का ब्यौरा है, जो शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सेवाओं के लिए अधिदेशित अपनी कारपोरेट सामाजिक दायित्व निधियां व्यय करती हैं; यदि हां, तो स्वास्थ्य और शिक्षा पर कुल कितनी कारपोरेट सामाजिक दायित्व निधियां व्यय की गई हैं;
(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार कोई ऐसी व्यवस्था लाने की मंशा रखती है जो कंपनियों द्वारा कारपोरेट सामाजिक दायित्व निधियों के उपयोग को संस्थागत बनाए; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल)

(क) और (ख): कंपनियों का सीएसआर व्यय कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची-VII में सूचीबद्ध विकास क्षेत्र-वार संकलित किया जाता है। वर्ष 2014-15 और 2015-16 के दौरान शिक्षा और स्वास्थ्य पर कंपनियों के विकास क्षेत्र-वार सीएसआर व्यय का विवरण अनुलग्नक पर दिया गया है।

(ग) और (घ): जी, नहीं। कंपनी अधिनियम, 2013 में कंपनियों द्वारा सीएसआर व्यय के उपयोग के लिए एक सांस्थानिक ढांचे का पहले से प्रावधान है।

*****

अनुलग्नक

राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4343 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

वित्तीय वर्ष 2014-15 और 2015-16 में विकास क्षेत्र-वार सीएसआर व्यय

सीएसआर व्यय (करोड़ रुपए में)		
क्षेत्र	**2014-15**	**2015-16**
स्वास्थ्य/भूखमरी, गरीबी, कुपोषण का निवारण/सुरक्षित पीने का पानी/स्वच्छता	2246	3117
शिक्षा/विक्लांगजन/जीविका	2728	3073
ग्रामीण विकास	1017	1051
पर्यावरण/पशु कल्याण/संसाधनों का संरक्षण	1213	923
स्वच्छ भारत कोष	121	355
अन्य कोई कोष	36	262
लैंगिक समानता/महिला सशक्तिकरण/वृद्धाश्रम/असमानता हटाना	326	213
प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष	192	136
खेलों को प्रोत्साहन	160	95
विरासत कला और संस्कृति	157	90
स्लम विकास	123	9
निर्मल गंगा कोष	19	3
अन्य क्षेत्र (सशस्त्र सेनाओं को प्रौद्योगिकी इनक्यूबेटर और लाभ, प्रशासनिक ऊपरी खर्च तथा अन्य*)	465	497
कुल योग	**8803**	**9822**
कंपनियों की संख्या जिसके लिए डाटा संकलित किया गया	**7334**	**5097**

*निर्दिष्ट नहीं किया गया है।

*****